# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
## सर्कुलर रोड, राँची–834001

### प्रेस विज्ञप्ति

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2022) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभागान्तर्गत राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2022) के साक्षात्कार का प्राप्तांक तथा कोटिवार कट–ऑफ अंक आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर दिनांक–16.10.2025 से उपलब्ध है।

परीक्षार्थी आयोग के वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर अपना अनुक्रमांक (Roll No.), जन्म तिथि एवं मोबाईल नम्बर प्रविष्ट कर अपने प्राप्तांक का अवलोकन एवं अंक–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

2. उपर्युक्त सूचनाएँ 60 दिनों तक आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। तत्पश्चात् संबंधित परीक्षा के अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्तांक एवं कोटिवार कट–ऑफ अंक के संबंध में आयोग से पत्राचार अनावश्यक होगा।
3. उक्त के संबंध में किसी भी त्रुटि/टंकण त्रुटि के संज्ञान में आने पर तत्संबंधी सुधार का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।
4. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।